

## पाक क्रिकेटर मुश्ताक अहमद का मेकअप करती दिखी बेटी, भड़के लोग

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** पाकिस्तानी क्रिकेटर मुश्ताक अहमद का मेकअप करती दिखी बेटी, भड़के लोगपाकिस्तान के दिग्गज क्रिकेटर मुश्ताक अहमद का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। वीडियो में उनकी बेटी उन्हें लिपिस्टिक लगाती दिख रही हैं, जो पाकिस्तानी क्रिकेटर के फैन्स को नागवर गुजरा रहा है। लोग उनकी आलोचना कर रहे हैं और बेटी को बुराभला कह रहे हैं। हालांकि, कुछ ऐसे लोग भी हैं, जिन्होंने आलोचकों को जवाब दिया है। दरअसल, मुश्ताक अहमद वीडियो में गहरी नींद में सोते दिख रहे हैं, जबकि उनकी बेटी सुमिया पिता के होंठों पर लिपस्टिक लगा रही हैं। इस वीडियो के सामने आने के बाद लोगों ने सुमिया के कपड़े पर भद्दे कॉमेंट किए। एक फैन ने तो यहां तक लिख दिया कि लोगों को धर्म की बात सिखाने वाले मुश्ताक खुद अपनी बेटी को नहीं संभाल पा रहे हैं। बता दें कि इससे पहले पाकिस्तान के ही सीनियर क्रिकेटर सकलेन मुश्ताक का वीडियो वायरल हुआ था, जिसमें वक महिलाओं की तरह मेकअप में दिखे थे। हालांकि, यह पहला मौका नहीं है, जब किसी पाकिस्तानी क्रिकेटर की फैमिली को कपड़ों की वजह से ट्रोल किया गया है।

**मुश्ताक का करियर**

उल्लेखनीय है कि मुश्ताक अहमद ने अपने देश के लिए 52 टेस्ट में 185 और 144 वनडे में 161 विकेट झटके हैं, जबकि फर्स्ट क्लास क्रिकेट में उनके नाम 1407 विकेट हैं।

# हिटमैन मैदान पर माही भाई की तरह रहते हैं कूल

## सुरेश रैना को पसंद रोहित शर्मा की कप्तानी

**क्रिकेट**

■विराट कोहली गरम मिजाज के माने जाते हैं और कई मामलों में धोनी से अलग

■खिलाड़ियों को प्रेरित करने की क्षमता धोनी के समान



**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। भारत की सीमित ओवरों की टीम के उपकप्तान रोहित शर्मा की कप्तानी शैली विराट कोहली से काफी अलग दिखती है और कहा जाता है कि रोहित की कप्तानी पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी की कप्तानी जैसी है। इस बारे में चेन्नै सुपर किंग्स टीम में धोनी के साथ दिग्गज क्रिकेटर सुरेश रैना ने कहा है कि रोहित का शांत स्वाभाव और उनकी खिलाड़ियों को प्रेरित करने की क्षमता धोनी के समान है।

रैना ने कहा, 'रोहित की कप्तानी धोनी से काफी मिलती–जुलती है। वह जिस तरह से शांत रहते हैं और जिस तरह से खिलाड़ियों को प्रेरित करते हैं। वह बिंदास हैं, वह जानते हैं कि वह जब भी बल्लेबाजी करने जाएंगे तो रन बनाएंगे। इस तरह का आत्मविश्वास जिस खिलाड़ी में होता है तो बाकी खिलाड़ियों को भी उससे सीखने को मिलता है... मुझे रोहित के बारे में यह बात पसंद है।' रैना ने एक चौट में कहा, 'मैंने हाल ही में पुणे के खिलाफ खेला गया फाइनल देखा।

रोहित ने कप्तान के तौर पर दो–तीन अच्छे बदलाव किए थे। मुश्किल स्थिति में जिस तरह से उन्होंने पाटा विकेट पर बीच ओवरों में बदलाव किए, जिस तरह से उन्होंने दबाव हटाया। उसको देखकर लगता है कि वह सारे फैसले खुद ले रहे हैं। साथ ही दिग्गज ऑलराउंडर ने कहा, हां, बाहर से निश्चित तौर पर सलाह आ रही होगी लेकिन अपने दिमाग में वह जानते हैं कि उन्हें क्या करना है। एक कप्तान के तौर पर वह ज्यादा ट्रोफियां जीतें तो इसमें हैरानी नहीं होगी।'

**हार्दिक को याद आए पुराने दिनः** हार्दिक ने अपने वीडियो के कैप्शन में लिखा, श्आज घरेलू क्रिकेट में अपने पहले साल के बारे में सोच रहा हूं, उनमें से कुछ यादें मेरे साथ जीवन भर के लिए साथ रहेंगी। इसी की बदौलत मुझे आईपीएल में खेलने के लिए और फिर अपने देश का प्रतिनिधित्व करने का मौका मिला। हर उस चीज के लिए जो इस खेल ने मुझे दी है, उसका शुक्रिया।

# आईपीएल विश्व कप के बाद दुनिया का सर्वश्रेष्ठ टूर्नामेंटः बटलर

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

■महामारी के कारण आईपीएल अनिश्चितकाल के लिये स्थगित कर दिया गया है

लंदन। जोस बटलर को लगता है कि इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) ने इंग्लिश क्रिकेट के विकास में मदद की है और साथ ही उन्होंने स्वीकार किया कि यह लुभावना टी20 टूर्नामेंट आईसीसी विश्व कप के बाद सर्वश्रेष्ठ प्रतियोगिता है।

बटलर ने कहा कि वह इस साल के आईपीएल चरण का हिस्सा बनने के लिये बेताब हैं जिसे कोविड–19 महामारी के कारण अनिश्चितकाल के लिये स्थगित कर दिया गया है। विश्व कप विजेता इंग्लैंड टीम का यह विकेटकीपर बल्लेबाज आईपीएल में दो फ्रेंचाइजी टीमों का हिस्सा रह चुका है। 2016–17 सत्र में मुंबई इंडियंस के लिये खेलने के बाद बटलर 2018 में राजस्थान रायल्स का हिस्सा बने। बटलर ने बीबीसी पोडकास्ट 'द दूसरा' में कहा, ''इसमें कोई शक नहीं कि आईपीएल ने इंग्लिश क्रिकेट के और पिछले कुछ वर्षों में जो खिलाड़ी इसमें शामिल हुए हैं, उनके विकास के मदद की है ''उन्होंने कहा, ''मैं इसमें खेलने के लिये बेताब था। मेरे हिसाब से यह विश्व कप के बाद विश्व का सर्वश्रेष्ठ टूर्नामेंट है।

'' बटलर ने कहा, ''आईपीएल की टीमों में खिलाड़ियों का मिश्रण शानदार है। बेंगलोर की टीम शीर्ष तीन टीमों में शामिल रही है जिसमें



विराट कोहली, एबी डिविलियर्स और क्रिस गेल रहे हैं जिन्हें जसप्रीत बुमराह या डेल स्टेन या फिर लसिथ मलिंगा के खिलाफ देखना शानदार है।

''उन्होंने कहा, ''बचपन में आप यही – फैंटेसी क्रिकेट – खेलते हुए देखना चाहते हो। सभी टीमों को एक साथ मिलाओ तो यह ऐसा ही होगा कि कोहली और डिविलियर्स एक साथ खेलें।

## श्रीसंत आसान कैच छोड़ देता था– 2007 वर्ल्ड टी20 को याद करते हुए बोले उथप्पा

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। साल 2007 का वर्ल्ड टी20 फाइनल का वह लम्हा तो आपको याद ही होगा जब शांताकुमारन श्रीसंत ने मिसबाह–उल–हक का कैच लपका था। इस कैच ने भारत को टी20 का पहला वर्ल्ड चैंपियन बना दिया था। इस जीत ने 2007 के 50 ओवर वर्ल्ड के शुरुआती चरण में मिली हार के गम को हलका किया साथ ही भारत में टी20 प्रारूप को लोकप्रिय बनाने की शुरुआत की। पाकिस्तान को चार गेंद पर छह रन चाहिए थे और उसके हाथ में सिर्फ एक विकेट बाकी थी। मिसबाह ने जोगिंदर शर्मा की गेंद को स्कूप करना चाहा। लेकिन श्रीसंत ने कैच लपककर पाकिस्तान की उम्मीदों को धराशायी कर दिया। भारत ने पहला टी20 वर्ल्ड कप पांच रन से अपने नाम किया। भारतीय बल्लेबाज और उस टीम का हिस्सा रहे रॉबिन उथप्पा ने श्रीसंत के उस कैच को याद किया है। उथप्पा ने बताया है कि उस समय उनके मन में क्या चल रहा था। बीबीसी के पोस्टकास्ट दूसरा पर बात करते हुए रॉबिन ने कहा, ओवर की शुरुआत में मैं लॉन्ग ऑन पर खड़ा था। मुझे याद है कि जोगिंदर ने पहले गेंद वाइड फेंकी थी।

## न्यूज डायरी



### भारत के खिलाफ टेस्ट सीरीज में पुजारा को आउट करने का तरीका ढूंढना होगा

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** मेलबर्न। ऑस्ट्रेलिया के तेज गेंदबाज पैट कमिंस (च्ंज ब्नउउपदे) ने कहा कि उन्हें चेतेश्वर पुजारा की काबिलियत के बारे में पता है और उन्हें इस साल घरेलू सीरीज में उनकी पारी को सस्ते में समेटने का 'तरीका ढूंढना' होगा। पुजारा 2018–19 के दौरे पर शानदार लय में थे। कमिंस को यह अच्छे से याद है कि उनकी बल्लेबाजी के दम पर भारतीय टीम ने टेस्ट सीरीज 2–1 से अपने नाम की थी। पुजारा ने उस सीरीज में 74.42 की औसत से 521 रन बनाए थे जिसमें तीन शतक और एक अर्धशतकीय पारी शामिल थी। कमिंस ने क्रिकेट डॉट कॉम डॉट एयू से कहा, 'पुजारा ने उस (2018–19) सीरीज में भारत के लिए रनों का अंबार लगाया था। वह ऐसे खिलाड़ियों में है जो क्रीज पर पैर जमाने के लिए समय लेते हैं और उन पर दबाव का ज्यादा असर नहीं पड़ता।'

### शोएब अख्तर और राशिद लतीफ ने दी नसीहत

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

लाहौर। पाकिस्तान के हाल ही में कप्तान बनाए बाबर आजम की तुलना भारतीय कप्तान विराट कोहली से होती रही है। हालांकि, उनके ही देश के कुछ पूर्व खिलाड़ियों ने बैटिंग स्किल, ड्रेसिंग सेंस से लेकर पर्सनालिटी तक पर सवाल खड़े कर दिए थे। अब इस मामले में पाकिस्तान के पूर्व तेज गेंदबाज शोएब अख्तर और विकेटकीपर राशिद लतीफ ने बाबर आजम को लेकर कहा है कि अगर उन्हें इमरान खान जैसी कप्तानी करनी है तो उन्हें अपने व्यक्तित्व में भी इमरान जैसा बदलाव करना होगा। अख्तर ने एक यूट्यूब शो पर कहा, 'बाबर आजम, इमरान खान की तरह के कप्तान बनाना चाहते हैं, लेकिन इसका मतलब सिर्फ यह नहीं है कि यह सिर्फ क्रिकेट से जुड़ी ही बात होगी। उन्हें इमरान खान की किताब में से पर्सनालिटी के बारे में भी सीखना चाहिए।' उन्होंने कहा, 'उन चीजों के बारे में बात मत करो जिनके बारे में हम बीते 10 साल से बात कर रहे हैं। हमें यह पसंद नहीं है। बाबर को अपनी बात करने की क्षमता, अपनी पर्सनालिटी, आगे से नेतृत्व करने की क्षमता, फिटनेस स्तर आदि चीजों पर काम करना होगा। मुझे लगता है कि उन्हें काफी कुछ साबित करना है।'

### चार बार के ग्रैंड स्लैम चैंपियन एश्ले कूपर का निधन

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** ब्रिसबेन। चार बार के एकल ग्रैंड स्लैम टेनिस चैंपियन एश्ले कूपर का निधन हो गया, वह लंबे समय से बीमार चल रहे थे। वह 83 वर्ष के थे। टेनिस ऑस्ट्रेलिया ने शुक्रवार को कहा कि पूर्व नंबर एक रैंकिंग के खिलाड़ी और लंबे समय तक प्रशासक रहे कूपर का लंबी बीमारी के बाद निधन हो गया। एश्ले कूपर ने 1958 में अमेरिकी चैंपियनशिप सहित ऑस्ट्रेलियाई और विंबलडन में ग्रैंड स्लैम ट्रोफी अपने नाम की थी। कूपर की अगुआई में ऑस्ट्रेलिया की डेविस कप टीम ने 1957 में अमेरिका पर जीत से अपना खिताब बरकरार रखा था और 1959 में पीठ की चोट के कारण उनका पेशेवर करियर खत्म हो गया था। ऑस्ट्रेलिया के महान टेनिस खिलाड़ी रॉड लीवर ने सोशल मीडिया पर कूपर को श्रद्धांजलि दी। उन्होंने लिखा, 'वह शानदार चैंपियन थे, कोर्ट के अंदर भी और बाहर भी। उनका बैकहैंड कितना शानदार था। उनकी कितनी सारी यादें हैं।'

### बीडब्ल्यूएफ ने जारी किया नया कैलेंडर, भड़के भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। ओलिंपिक पदक विजेता साइना नेहवाल सहित भारत के कई खिलाड़ियों बीडब्ल्यूएफ (विश्व बैडमिंटन संघ) के संशोधित कैलेंडर में पांच महीनों में 22 टूर्नामेंट करने के फैसले को शुक्रवार को 'मूर्खतापूर्ण' करार देते हुए कहा कि इससे उनके चोटिल होने की संभावना बढ़ जाएगी। कोविड–19 महामारी के कारण बैमिंटन की कई टूर्नामेंटों को स्थगित करना पड़ा जिसके बाद बीडब्ल्यूएफ ने नया कैलेंडर जारी किया। बैडमिंटन खिलाड़ी परुपल्ली कश्यप ने कहा, 'किसी भी खिलाड़ी के लिए पांच महीने में 22 प्रतियोगिताओं में खेलना काफी मुश्किल चुनौती है। अभी इस बात पर भी संशय बरकरार है कि पृथकवास का नियम कैसा होगा।